## खबर संक्षेप



### मांगों को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री से मिले विधायक

**बड़वारा।** विधान सभा में संचालित चारो कॉलेज बड़वारा, ढीमरखेड़ा, सिलोंडी, एवम उमरिया सभी कॉलेज में छात्राओं की संख्या सर्वाधिक है चूँकि कटनी की दूरी अधिक होने के कारण छात्राएं बाहर से अपना पोस्ट ग्रेजुएट का अध्यन नही कर पाती हैं। इस समस्या को लेकर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह बड़वारा विधान सभा के सभी चारो कॉलेजों में पी जी कक्षाओं के संचालन एवम बड़वारा महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र के माध्यम से पी जी कक्षाओं के संचालन का आग्रह किया जिस पर उच्च शिक्षा मंत्री ने कक्षाओं का जल्द संचालन हेतु विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह को आश्वासन दिया।

### कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**कटनी।** मध्यप्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ली गई कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न पुनरू परीक्षाओं का परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र के परीक्षा पोर्टल पर घोषित कर दिये गये हैं। संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण इन परिणामों को राज्य शिक्षा केन्द्र के वेबपोर्टल पर अपना रोल नम्बर प्रविष्ठ कर देख सकते हैं। इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख को भी अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम देखने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इन परीक्षाओं का संचालन गत 3 से 8 जून के दौरान किया गया था।

### अनुकंपा नियुक्ति समिति की बैठक 2 जुलाई को

**कटनी।** अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण एवं परीक्षण के संबंध मे 2 जुलाई को अपरान्ह 4 बजे से अनुकंपा नियुक्ति समिति की बैठक अपर कलेक्टर कक्ष मे आयोजित की गई है। बैठक में प्रभारी अधिकारी स्थापना शाखा, जिला कोषालय अधिकारी , जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला रोजगार अधिकारी, जिला संस्थागत वित्त अधिकारी सहित संबंधित कार्यालयों के विभाग प्रमुखों से आयोजित बैठक मे निर्धारित समय पर प्रकरणों के निराकरण, परीक्षण की कार्यवाही हेतु उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया।

### कलेक्टर के निर्देश पर तालाब निर्माण कार्य में आई गति

**कटनी।** जिले में निर्माणाधीन शासकीय कार्यों जैसे सड़क, पुलिया, छात्रावास स्वास्थ्य केन्द्र, आवास सहित अन्य निर्माण कार्यो में हीलाहवाली न बरतने और तय समय -सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा निरंतर जारी किए गए है। साथ ही कलेक्टर श्री प्रसाद स्वयं इन निर्माण कार्यो के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर उनका निदान भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री सरोवर योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम कोडिया का तालाब 4 साल बीत जाने के बाद भी नहीं बनने संबंधित खबर को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्माण कार्य के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के अनुपालन में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण सेवा संभाग द्वारा निर्माणाधीन कार्य के संबंध में प्रतिवेदित किया गया कि जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम कोडिया में राज्य आयोजना मद से स्वीकृति रुपये 97.32 लाख रुपये की लागत से सी.एम. सरोवर का कार्य निर्माणाधीन है। उक्त सी.एम. सरोवर में बण्ड की हटिंग केसिंग तथा वेस्ट वियर का कार्य पूर्ण हो चुका है। सरोवर के अपस्ट्रीम में एम.डब्ल्यू.एल तक पिचिंग का कार्य आंशिक रूप से शेष है जिसे 30 जून तक पूर्ण करा लिया जावेगा।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस ने चलाया जांच अभियान

# ओवर लोडिंग और क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वालों पर कार्रवाई, काटे गए चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नियमों का दरकिनार कर वाहन में क्षमता से अधिक ओवरलोडिंग परिवहन एवं अधिक सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही के लिए यातायात अमले ने जांच अभियान चलाया। जांच कार्यवाही देखकर वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने दलबल के साथ जगन्नाथ चौराहे में विशेष चेकिंग अभियान लगाया। मालवाहक वाहनों की जांच करते हुए लगभग एक दर्जन से भी अधिक वाहनों को ओवर हाइट माल परिवहन करते हुए पकड़ा गया और उनके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की गई।





### कार्यवाही से रहा हड़कंप

यातायात थाना प्रभारी ने बताया कि शहर में ओवर हाइट माल वहन करने वाले वाहनों की शिकायतों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। प्राप्त निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में जगन्नाथ चौराहे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ओवर हाइट माल लोड करके सड़क पर फर्राटा भरने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई। इसके साथ ही यातायात विभाग द्वारा स्कूली वाहनों को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत भी कई स्कूली वाहनों को चेक करके उन पर आवश्यकता अनुसार कार्यवाही की गई हैं। स्कूली बसों एवं ओवर हाइट वाहनों के खिलाफ कार्यवाही का क्रम आगे भी इसी तरह जारी रखा जाएगा। यातायात विभाग द्वारा स्कूली वाहनों एवं ओवर हाइट मालवाहकों के खिलाफ की गई कार्यवाही के कारण वाहन चालकों में खलबली निर्मित रही। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### स्कूली वाहनों समेत आटो में बैठा रहे ओवरलोड सवारियां

गौरतलब है कि शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र हर जगह नियमों का दरकिनार कर वाहन चालक मनमानी कर रहे हैं। तिपहिया वाहनों में जहां क्षमता से तीन से चार गुना अधिक सवारियां बैठाई जा रही हैं वहीं स्कूली वाहनों में भी नियमों का पालन नहीं हो रहा है। इसी के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात अमले द्वारा जांच अभियान शुरू किया गया है। अभियान के दौरान न सिर्फ स्कूलों में जाकर प्रबंधन व चालकों को समझाइश देकर नियमों का पालन करने निर्देश दिये जा रहे हैं बल्कि सड़क में मनमाने तरीक से तिपहिया वाहनों में अधिक सवारी बैठाकर यात्रियों को जान जोखिम का सफर कराने वाले चालकों पर कार्यवाही की जा रही है। यातायात थाना प्रभारी ने बताया कि नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों को समझाइश दी जा रही है साथ ही वाहन को जब्त करने की भी कार्यवाही की जा रही है।

## ऐतिहासिक परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर से रू-ब-रू होंगे छात्र छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 27 जुलाई को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर में किया जाएगा।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के छात्रों से इस क्विज प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भागीदारी करने अधिकाधिक पंजीयन करने की अपील की है। कलेक्टर ने इस पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु शिशिर गेमावत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।, साथ ही डीईओ को प्रतियोगिता का प्रभारी अधिकारी एवं डॉ. सचिन श्रीवास्तव, माध्यमिक शिक्षक को क्विज मास्टर नियुक्त किया है। सभी अधिकारियों को म.प्र. टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदाय निर्देशों के अनुपालन में कार्यवाही सुनिश्चित करने कलेक्टर ने निर्देशित किया है।

इस क्विज प्रतियोगिता में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं के छात्र-छात्राएं भाग से सकेंगे। इसमे लिखित परीक्षा, वस्तुनिष्ठ प्रश्नमाला एवं मल्टीमीडिया क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से 03 श्रेष्ठ विद्यार्थियों की टीम का चयन किया जाएगा। टीम का पंजीयन 8 जुलाई तक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की वेबसाइट पर आनलाइन किया जा सकेगा। 8 जुलाई को शाम 5.30 बजे के बाद पोर्टल स्वतः बंद हो जाएगा। प्रतियोगिता के प्रथम चरण के लिए प्रातः 9 से 10 बजे तक पंजीयन, 10 बजे से 12 बजे तक लिखित प्रतियोगिता होगी। इसमें 06 सर्व श्रेष्ठ टीमों का चयन द्वितीय चरण के लिए होगा। द्वितीय चरण में दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक क्विज प्रतियोगता, मल्टी मीडिया में शामिल 6 टीमों (18 विद्यार्थियो) में से 3 टीमों का चयन होगा जो जिले कि टाप 3 विजेता टीम कहलाएगी। जिले की प्रथम तीन विजेता टीमों को राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों में 2 रात्रि 3 दिन तथा शेष 3 उपविजेता टीमों को 1 रात्रि 2 दिन ठहरने के लिए कूपन व शेष को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

# शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी दवाईयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्राम पंचायत खरखरी में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 80 से ज्यादा लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। वहीं आवश्यक दवाइयां भी दी गई। उक्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा ममता आई केयर क्लीनिक वि.गढ़ के सहयोग से किया गया।

निशुल्क नेत्र जांच ग्राम पंचायत खरखरी के दर्जनों मरीजों ने आंख से संबंधित आंख का लाल होना, आंख से पानी गिरना, आंखों से कम दिखाई देना, मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद आदि सभी रोग चश्मा जांच भी ममता आई केयर क्लीनिक के माध्यम से निशुल्क परामर्श दिया गया स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ ग्रामीणों ने उक्त कार्यक्रम आयोजन के लिए राहत समर्पण सेवा समिति का आभार जताया। कहा कि यह संस्था की बेहतर पहल है। इस तरह के कार्यक्रम से गरीब व वंचितों को थोड़ी सहुलियत मिलती है। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ. विनोद कुमार (बीएमओ) डॉ. डेनियल परमार ( एमओ) ने विशेष रूप से सहयोग किया। इस मौके पर ममता आई केयर क्लीनिक संचलक डॉ.शारदा प्रसाद साहू अध्यक्ष, डॉ. विपिन पटेल उपाध्यक्ष , देव नारायण मौर्य महासचिव, CHO नीलू कुर्मी खुशी सिंह ग्राम पंचायत सरपंच गोमती पटेल, सचिव समेत अन्य मौजूद रहे।



### जांच कर दी गई सलाह

डॉ. विपिन सिंह पटेल ने लोगों का स्वास्थ्य का जांच किया। जांच के दौरान उन्होंने लोगों को कई उचित सलाह भी दिया। लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कहा कि लोगों को अपनी स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। क्योंकि समय पर छोटी बीमारियों का भी इलाज नहीं होने पर बीमारी गंभीर हो जाती है। पैसे के अभाव में लोग समय पर छोटी बीमारियों का इलाज नहीं करा पाते हैं। जिसके कारण आगे चलकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं आर्थिक रूप से काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए लोगों को पहले ही इलाज करा लेना चाहिए। इसके साथ-साथ डॉ.विनोद कुमार ने कहा कि इन कारणों को देखते हुए ही स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। ऑप्टोमेट्रिस्ट शारदा प्रसाद साहू द्वारा नेत्र जांच कर ड्रॉप वितरण किया।

### तिलक कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन कल




सत्र 2024-25 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में 1 जुलाई को दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम तीन दिवसीय होगा। सहायक प्राध्यापक डॉ आर पी सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय में नये प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करना है ,कि वे नये वातावरण में सहज महसूस कर सकें। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के विभिन्न आयामों से अवगत कराया आयेगा। दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थी शिक्षकों से भी परिचित हो सकेंगे तथा महाविद्यालय में प्राप्त विभिन्न प्रकार की सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार खरे ने बताया कि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कॅरियर एवं प्लेसमेंट तथा पाठ्येत्तर गतिविधियों की भी जानकारी होगी। इस कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण विशेषता संवैधानिक मूल्यों, महिलओं के मुद्दे, सूचना के अधिकार, साइबर अपराध तथा बौद्धिक संपदा अधिकार के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करना है।

# सेंट्रल जीएसटी टीम ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सेंट्रल जीएसटी कटनी की टीम ने शनिवार को शहर की एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान के प्रतिष्ठानों और गोदामों में कर अपवंचन की आशंका को लेकर जांच शुरू की। प्रतिष्ठानों में दोपहर से लेकर देर शाम तक टीम ने दस्तावेज खंगाले। जांच के बाद सामने आ पाएगा कि व्यापारी ने कितने की कर चोरी की है। सेंट्रल जीएसटी सहायक आयुक्त राजेश पुराविया की अगुवाई में अलग-अलग टीमों ने फर्म की दुकानों व गोदामों की जांच शुरू की, जिसमें बरही रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान के साथ ही गोदाम और माधनगर की दुकान व गोदाम में टीमों ने छापामार कार्रवाई की। दुकानों में आधी शटर बंद कर टीम जांच करती रही।



जीएसटी के छापे की खबर लगते ही आसपास संचालित इलेक्ट्रानिक्स फार्मा के संचालकों में भी हड़कंप की स्थिति रही। दोपहर से लेकर देर शाम तक अलग-अलग टीमें बरही रोड व माधवनगर में फर्म के दस्तावेजों की जांच करती रहीं, जिसमें आवक-जावक के साथ कितना कर फर्म ने जमा कराया है, इसकी जानकारी अधिकारियों ने ली। बताया जाता है कि फर्म नामी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों की सामग्री बेचती है और जांच में लाखों रुपए का कर अपवंचन सामने आने की संभावना है। सहायक आयुक्त पुराविया ने बताया कि अभी जांच शुरु की गई और दस्तावेज, लेन-देन आदि की जांच की जा रही है, जिसके बाद सभी स्थानों से मिली जानकारी एक एकत्र कर गणना की जाएगी। उसके बाद जो भी कर अपवंचन सामने आएगा, उसके हिसाब से फर्म पर कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर की पहल पर विद्यार्थियों के लिए विशेष सुविधा

# निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए 254 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, 29 रहे गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में भारत निर्माण कोचिंग का शुभारंभ किया जा रहा है ।कोचिंग में अध्ययन किए जाने हेतु अत्यधिक छात्र-छात्राओं द्वारा पंजीयन कराए जाने पर कोचिंग की प्रवेश परीक्षा शनिवार को महाविद्यालय बड़वारा में आयोजित की गई। कुल 321 विद्यार्थियों द्वारा पंजीयन आवेदन प्राप्त किया गया था एवं 283 छात्र-छात्राओं द्वारा अपना पंजीयन फॉर्म जमा किया गया। परीक्षा में 283 छात्र-छात्राओं में से 254 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे जबकि 29 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे ।परीक्षा महाविद्यालय बड़वारा के 7 कक्षों में संचालित की गई । परीक्षा के नोडल अधिकारी उत्कृष्ट विद्यालय बडवारा के प्राचार्य जुगल किशोर चौरसिया द्वारा पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाकर एवं एक पर्यवेक्षक महाविद्यालय से लगाकर परीक्षा संपन्न कराई गई परीक्षा उपरांत समस्त उत्तर पुस्तिकाओं को शील्ड कर विकासखंड शिक्षा अधिकारी बड़वारा को सौंप दिया गया परीक्षा देने आए हुए छात्र छात्राओं द्वारा भारत निर्माण कोचिंग को लेकर अत्यधिक उत्साह देखा गया एवं सभी के द्वारा कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल की सराहना की गई परीक्षा के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी बड़वारा जतिन लाहोरिया महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रोशनी पांडे तहसील कार्यालय से तहसीलदार के प्रतिनिधि पूर्ण समय उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान पुलिस बल भी उपलब्ध रहा।



### महापौर निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं, वृहद पौधरोपण करने के निर्देश

# मुक्तिधाम संवेदनायुक्त स्थल के विकास में कोई कमी नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने वार्ड भ्रमण के निर्धारित कार्यक्रम के दौरान शनिवार को सुबह 8 राम मनोहर लोहिया वार्ड मुक्तिधाम का निरीक्षण किया। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने शोकाकुल जनों के लिए सार्वजनिक स्थल की साफ सफाई व्यवस्था में कमी पाये जाने पर नाराजगी जताते हुए यहां पर परमानेंट एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति के निर्देश दिए।

महापौर ने मुक्तिधाम प्रांगण के अंदर भ्रमण करते हुए यहां पर शंकर जी के चबूतरे के चारों तरफ क्षतिग्रस्त दीवाल तथा एक गेट बनाये जाने सहित मुक्तिधाम में चिता शेड के चारों ओर गंदगी होने से यहां पर पेवर ब्लाक लगाए जाने तथा बाउंड्री वाल की मरम्मत के निर्देश दिए। महापौर द्वारा मुक्तिधाम प्रांगण में स्थित शोकसभा हाल की मरम्मत एवं यहां पर शौचालय निर्माण के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पार्किंग व्यवस्था के लिये शेड तैयार है इसके नीचे पेवरब्लाक लगाकर दोपहिया एवं चौपहिया वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग की जाये। महापौर ने मुक्तिधाम विकास समिति के संस्थापक राष्ट्रीय कवि मनोहर मनोज एवं समिति के अध्यक्ष अजय सरावगी से चर्चा करते हुए कहा कि मुक्तिधाम में बृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाए समिति एवं निगम द्वारा पौधारोपण के बाद उन्हें सुरक्षित एवं संरक्षित किया जाएगा। नदी किनारे खाली पडी भूमि पर आदर्श पार्क बनाकर पौधरोपण किया जाये। नक्षत्र पार्क के लिए भी महापौर द्वारा विभिन्न प्रकार की औषधीय पौधे लगाए जाने पर चर्चा की गयी।



महापौर ने कहा कि संवेदनायुक्त मुक्तिधाम स्थल के विकास के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा दलगत राजनीति से हटकर हर संभव प्रयास किए जाएंगे यह एक ऐसा स्थल है जहां पर हर वर्ग समाज एवं लोगों की संवेदनाएं जुड़ी हुई है। इस मौके पर वार्ड पार्षद ओमी अहिरवार पार्षद शिब्बू साहू जयनारायण निषाद रमेश सोनी शंकुनतला सोनी सीमा श्रीवास्तव अमित गुप्ता इंजीनियर अश्वनी पांडे की उपस्थिति रही।

### निर्धन बच्चों की पाठशाला पहुंची

मुक्तिधाम का निरीक्षण करने के बाद महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी मुक्तिधाम के समीप स्थित स्व ओमप्रकाश सरावगी संस्कार सदन विद्यालय पहुंची जहां उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में गरीब बच्चों को दी जा रही निशुल्क को सराहा प्राचार्य श्रीमति नीता तिवारी ने बताया कि शिक्षा कापी किताब यूनिफार्म भी बच्चों को निशुल्क दिये जाते करीब 150 छात्र छात्रायें विद्यालय में अध्ययन रत है। महापौर ने समाज में शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के कार्य की सराहना करते हुये छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना कर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के मुताबिक जिले के अधिकारियों को इसका पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मतदाता सूची एक जनवरी 2024 की संदर्भ तारीख के आधार पर बनाई जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को होगा।

फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण 2 जुलाई 2024 तक किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्ति-युक्तिकरण का प्रस्ताव तैयार कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 4 जुलाई तक दिया जाएगा।

फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे -आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 9 अगस्त है। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया नियमानुसार निर्धारित समय में पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

**खबर संक्षेप**

### निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश पाने उमडी युवाओं की भीड़

**कटनी।** स्लीमनाबाद क्षेत्र के युवाओं के सपनों को पंख देने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए यहां 16 जुलाई से शुरू होने जा रही भारत निर्माण कोचिंग की स्लीमनाबाद इकाई में प्रवेश लेने के लिए क्षेत्रीय युवाओं की भीड उमड पडी है। अब तक भारत निर्माण कोचिंग मे प्रवेश हेतु 230 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन फार्म प्राप्त किया है। कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर स्लीमनाबाद मे एक निजी कंपनी के सहयोग से यहां के होनहार और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू की गई है। भारत निर्माण कोचिंग में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन फार्म के साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ पासपोर्ट साईज के दो फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा। भारत निर्माण कोचिंग मे प्रवेश हेतु मप्र लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षा, कर्मचारी चयन आयोग, रेल्वे, बैंकिंग आदि एक दिवसीय परीक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम कक्षा 12वीं पास या उससे अधिक शैक्षणिक योग्यता के विद्यार्थी प्रवेश पा सकेंगे।

### घायल प्रधान आरक्षक की इलाज दौरान मौत

**कटनी।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए एसएफ बटालियन के प्रधान आरक्षक ललित राय की इलाज के दौरान भोपाल में मौत हो गई। इलाज के दौरान प्रधान आरक्षक की मौत होने के बाद जब उसकी पार्थिव देह कटनी पुलिस लाइन पहुंची तो एसपी अभिजीत कुमार रंजन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि कटनी पुलिस लाइन में पदस्थ सिल्लीगुड़ी निवासी एसएफ बटालियन के प्रधान आरक्षक ललित राय कुछ समय पूर्व सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें इलाज के लिए कटनी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से बाद में उनका जबलपुर ले जाया गया। जबलपुर में भी जब उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ तब उन्हें डुमना विमानतल से पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा से भोपाल एयरलिफ्ट किया गया था।

### कुश्ती व वेट लिफ्टिंग में जीता स्वर्ण पदक, एसपी ने की सराहना



**कटनी।** जबलपुर में आयोजित पूर्वी जोन पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में कटनी जिले में पदस्थ आरक्षक अभय यादव ने कुश्ती पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक हासिल करके कटनी जिला पुलिस बल का गौरव बढ़ाया है। अभय यादव की इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन सहित जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। पुलिस डिपार्टमेंट में फिजिकल फिटनेस की आवश्यकता बहुत अधिक होती है। पुलिसकर्मियों को फिजिकली रूप से फिट करने के लिए विभाग में तरह-तरह के आयोजन समय-समय पर होते रहते हैं।
पुलिसकर्मियों के लिए जिम कुश्ती सहित अन्य खेलकूद की सुविधा भी मुहैया कराई जाती हैं। विभाग द्वारा समय-समय पर प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं। कुछ इसी तरह की प्रतियोगिता गत दिनों जबलपुर में आयोजित हुई। पूर्वी जोन पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में कटनी जिले में पदस्थ आरक्षक अभय यादव ने 93 किलोग्राम वेट कैटेगरी में 280 किलोग्राम वजन उठाकर वेट लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा अभय यादव ने 105 किलोग्राम पावर लिफ्टिंग और कुश्ती सहित तीन स्वर्ण पदक प्राप्त कर कटनी पुलिस बल का परचम लहरा दिया। अभय यादव की यह उपलब्धि जिले के अन्य आरक्षकों एवं पुलिस अधिकारियों के लिए प्रेरणादायक साबित होगी। अभय की उपलब्धि पर एसपी अभिजीत कुमार रंजन ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कलेक्टर नें आपदा प्रबंधन समिति की बैठक कहा सूचना तंत्र को सुदृढ और मजबूत बनायें

# अप्रिय घटनाओं को रोकने रखें चाक चौबंद प्रबंध, बाढ़ से निबटने पहले से रखें तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में चालू मानसून सत्र के दौरान अतिवर्षा एवं बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटने के लिए जिले के विभागों द्वारा सभी प्रबंध समय रहते पूरे किए जाएँ। स्थानीय स्तर पर गोताखोरों की व्यवस्था, भराव वाले स्थलों से पानी की निकासी हेतु आवश्यक मोटर पंपों की व्यवस्था और आवश्यक दवाईयों की पूर्ति के इंतजाम सुनिश्चित कर लिये जावें। यह निर्देश जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में कलेक्टर अवि प्रसाद ने दिये। बैठक मे महापौर श्रीमती प्रीति सूरी खास तौर पर मौजूद रहीं।

कलेक्टर ने बाढ़ आपदा से संबंधित कंट्रोल रूम को पूरे समय सक्रिय और अलर्ट रहनें के निर्देश दिए है। साथ ही बाढ़ आपदा और बचाव से संबंधित पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन और विभागीय गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण नहीं करने पर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन व्हीएसिद्धिकी और परियोजना क्रियान्वयन इकाई के कार्यपालन यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि गत वर्षों में हुई अतिवर्षा को दृष्टिगत रखते हुए सभी जलाशयों एवं तालाबों के जल स्तर पर नियमित निगरानी की जाए। समय- समय पर बारिश होने की स्थिति मे जल स्तर की जानकारी जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को भी अनिवार्यतः उपलब्ध कराई जाए। वर्षाकाल में सूचना तंत्र को और अधिक सुदृढ मजबूत किया जाए, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण के लिये संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर सभी व्यवस्थायें चाक-चौबंद करें। शासन द्वारा बाढ़ नियंत्रण के लिये उपलब्ध कराई गई धनराशि से जो भी आवश्यक सामग्री हो, उसको समय रहते क्रय कर लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी अपेक्षा की कि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिये कार्ययोजना तैयार की जाए ताकि आवश्यकता पड़े तो तत्काल बचाव कार्य किए जा सकें।

### गांवों को करें चिन्हित

कलेक्टर श्री प्रसाद ने समीक्षा बैठक में कहा कि जिले के सभी जलाशयों में जल स्तर बढ़ने पर प्रभावित होने वाले गाँवों को चिन्हित किया जाए। इसके साथ ही अगर बाढ़ की स्थिति बनती है तो गाँव के लोगों को किस सुरक्षित स्थान पर रखा जा सकता है, उसका भी चिन्हांकन समय रहते कर भोजना व्यवस्था हेतु एस.एच.जी की महिलाओं से बात कर ली जाए। एनाउंसमेंट सिस्टम, सेफ्टी जैकिट की व्यवस्था सहित जर्जर भवनों एवं खतरनाक भवनो पर नियमानुसार कार्यवाही की जावे

### बचाव कार्य के लिए रहे मुस्तैद

वर्षाकाल में नदी नालों पर स्थापित पुलों पर पानी बढ़ने की स्थिति में यातायात प्रतिबंधित रहे इस हेतु आवश्यक बैरियर की व्यवस्था कर कोटवारों की डयूटी लगानें हेतु लोक निर्माण विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों से अतिवर्षा के दौरान की जानें वाली आवश्यक तैयारियों की जानकारी लेते भी ली जाकर आपदा प्रबंधन समिति का गठन करनें के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आपने बाढ़ जनजागृति कार्यक्रम,बचाव कार्यो का प्रशिक्षण सहित मॉक ड्रिल का आयोजन करनें हेतु डिसट्रिक्ट होमगार्ड के अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये जाकर आमजनों को वज्रपात से बचाव के उपाय हेतु आवश्यक सुझावों का प्रचार प्रसार करनें हेतु निर्देशित किया गया। बैठक मे अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, सभी एस.डी.एम, सीएमएचओ, नगर निगम उपायुक्त, कार्यपालन यंत्री पीडब्लयूडी आदि की उपस्थिति रही।

### 2500 के ईनामी फरार आरोपित को किया गिरफ्तार

**कटनी।** दुष्कर्म के मामले में फरार एक आरोपित को बरही पुलिस ने महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। आरोपित वहां पर एक होटल में काम कर रहा था। इस बात की सूचना जैसे ही बरही पुलिस को लगी उसे दबोच लिया। बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि बरही थाने मे 11 मार्च 2024 को धारा 376 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आरोपी घटना करके फरार हो गया था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु हर संभव प्रयास किए गए परंतु आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा 25 सौ रुपए के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। आरोपी की तलाशी के दौरान मुखबिर एवं साइवर पुलिस से सूचना प्राप्त हुई की आरोपी पुणे महाराष्ट्र के एक होटल की पार्किंग मे ड्राइवर (वेले) का काम कर रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी के निर्देशन एवं थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना के आधार पर एवं साइबर सेल कटनी की सहायता से टीम द्वारा 27 जून 2024 को पुणे महाराष्ट्र से आरोपी हेमराज सिंह को गिरफ्तार किया गया।

*कलेक्टर ने अपने समक्ष गहराई की कराई माप*

## 279 करोड़ से जल प्रदाय योजना के पाइप लाइन बिछाने का कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद ने कटनी जिले के रीठी और मुड़वारा के 159 गावों के हर घर मे जल पहुंचाने के लिए भविष्य मे जीवनदायिनी साबित होने वाली अतिमहत्वाकांक्षी पवई -2 समूह जलप्रदाय योजना के कार्यो का रीठी के ग्राम तिगरा खुर्द मे पहुंचकर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जल निगम के प्रबंधक शुभम सिन्हा, तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया, जनपद पंचायत सीईओ चंदूलाल पनिका, नायब तहसीलदार खगेश भलावी और कार्यपालन यंत्री जल संसाधन व्ही.ए सिद्दीकी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने भ्रमण के दौरान विकासखंड रीठी के ग्राम रीठी से डांग मार्ग स्थित ग्राम तिगरा खुर्द में पाइप लाइन के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी निर्माण कार्य और पाइप लाइन बिछाने और विस्तार के कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने अपने समक्ष पाईपलाईन बिछाये जाने हेतु किये गए नालीदार गड्ढे की गहराई की माप स्वयं अपने समक्ष कराया। यहां पर कलेक्टर को 100 एमएम व्यास के डी आई पाइप को उचित गहराई में डाले जाने का कार्य प्रगति पर मिला।

कलेक्टर ने कहा कि पाईपलाईन विस्तार के कार्य मे और तेजी लाएं ताकि तय समयावधि अप्रेल 2025 तक पवई - 2 समूह जलप्रदाय योजना का कार्य पूरा किया जा सके और रीठी एवं मुड़वारा के गांव मे हर घर तक पानी पहुंच सके। जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस पाईपलाइन के बिछाने से ग्राम तिगरा खुर्द मे बनने वाली उच्च स्तरीय टंकी को भरा जायेगा। कलेक्टर को बताया गया कि वर्तमान में ग्रेविटी एवं पंपिग मेम के अंतर्गत 75 किलोमीटर तथा वितरण प्रणाली की पाईपलाइन को करीब 80 किलोमीटर क्षेत्र में बिछाया जा चुका है। बताते चलें की पवई -2 समूह जल प्रदाय योजना करीब 279 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन है। इस योजना हेतु पानी पन्ना जिले के पवई बांध (तेन्दुघाट जलाशय) से उठाया जाकर वही पर बिसानी ग्राम में जल शोधन सयंत्र में शुद्ध कर कटनी तक लाया जाना है।

### बसों की जांच कर चालकों की एकत्र की जानकारी



थाना प्रभारी कुठला अभिषेक चौबे द्वारा अपने स्टॉफ के साथ थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाले स्कूल दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं डीएवी स्कूल में जाकर बस व ऑटो की चैकिंग कर चालको को यातायात नियमों से अवगत कराते हुए नियमानुसार वाहन चलाने व यातायात नियमो का पालन करने की समझाइस दी गई। इसके साथ ही वाहन चालको को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। वाहन चालकों को बताया गया कि स्कूल की बसों में छोटे बच्चों को दरवाजे के पास न बिठावें और वाहन जब चलित अवस्था में हो उस समय दरवाजा बंद करके रखें। वाहन में आवश्यक रूप से फर्स्ट एड बॉक्स रखें तथा फायर एक्सटिंग्यूशर भी उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन को भी बस व ऑटो चालको के संबंध में जानकारी रखने व उनका वैरिफिकेशन कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में मौजूद स्कूलों में पहुंचकर बसों की जांच करते हुए चालकों के संबंध में जानकारी एकत्र की गई एवं स्कूल प्रबंधन को भी समझाइस दी गई।

## शिवाजी नगर में 57 लाख के विकास कार्यों की महापौर ने रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सबका साथ सबका विकास की विचारधारा के साथ महापौर प्रीति संजीव सूरी लगातार शहर विकास की योजनाओं को कार्यरूप में परिणित करती नजर आ रही है इसी क्रम में महापौर श्रीमति सूरी द्वारा आज शहर के इंदिरा गांधी वार्ड में सड़क व अन्य निर्माण कार्यो का भूमि पूजन क्षेत्रीय नागरिकों व जनता के लिए संघर्षरत पार्षद बल्ली सोनी के साथ मिलकर किया। बता दे पिछले दो दशकों इंदिरा गाँधी वार्ड अंतर्गत शिवाजी नगर के बाशिंदे नारकीय दशा का दंश झेल रहे थे। इस कालोनी में न तो रोड है न सड़क न नाली वार्ड नागरिकों ने महापौर प्रीति संजीव सूरी को इस कालोनी की दशा से पूर्व में परिचित कराया तभी महापौर श्रीमती सूरी ने इस कालोनी के समुचित विकास का संकल्प ले लिया था और कुछ समय पहले ही उन्होंने उक्त स्थल पर नाला बनवाने का कार्य पूर्ण कराया और आज उस संकल्प की पूर्ति के लिए समस्त नियमों का पालन करते हुए WBM का भूमि पूजन कराया/

प्राप्त जानकारी के मुताबिक लगभग 57 लाख की लागत से शिवाजी नगर में डब्लू बी एम सड़क बनाई जावेगी और फरवरी से मार्च तक इस सड़क डामरीकरण कृत करा दिया जावेगा। भूमि पूजन के इस कार्यक्रम के बाद महापौर ने एमआईसी के सदस्यों के साथ वार्ड का पैदल भृमण किया नागरिकों से बातचीत के दौरान नागरिकों की अन्य मांगों समस्याओं का जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया।

*पुलिस कंट्रोल में एसपी ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक*

## नये कानूनों में प्रकरणों के निराकरण के समय का किया गया है निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस कंट्रोल में गत दिवस पुलिस कप्तान ने नये अपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन एवं जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं समस्त थाना, चौकी प्रभारियों की बैठक ली गई। बैठक में एसपी ने कहा कि एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे। मीडिया के माध्यम से लोगों तक नये कानूनों के संबंध में जानकारी पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यतः पुराने कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे थे। जिसे प्रासंगिक बनाने के लिए एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने के लिए परिवर्तन किया गया है।

इस बदलाव से अपराधियों के खिलाफ एफआईआर करने में दिक्कत नहीं होगी तथा गंभीर अपराधियों को प्रक्रिया का पालन करते हुए कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी। प्रकरणों के निराकरण के लिए समय निर्धारित किया गया है। पीड़ित पक्ष को ध्यान में रखा गया है। शीघ्र निराकरण होने से दोनों पक्षों के लिए राहत है। पीड़ित पक्षकार को ई-साक्ष्य, जीरो-एफआईआर, ई-एफआईआर से राहत मिलेगी। बहुत अच्छी मंशा के साथ नया कानून बना है। सभी नागरिकों को इसका फायदा मिलेगा। दोषी अपराधियों को सजा जल्दी मिलेगी। जिससे समाज में एक अच्छा प्रभाव एवं परिवर्तन दिखाई देगा। पीड़ित पक्ष को न्याय जल्दी मिलेगा। यह कानून सभी नागरिकों तक पहुंच सकें। इसके लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने एसपी ने निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रकरणों के निराकरण के लिए नये कानूनों में समय का निर्धारण किया गया है। पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। विशेषकर अपराधिक मामलों में तलाशी एवं जप्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाएगी। इन कानूनों के संबंध में नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। नये कानून में आरोपियों के लिए नये प्रावधान किए गए हैं। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। पीड़ित पक्ष को न्याय समय पर मिले। पुलिस समय पर विवेचना करें, इसके लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। लोगों के लिए एक अच्छा कानून बनाया गया है, ताकि उन्हें सुविधा मिल सकें।

पुलिस, विवेचक, प्रार्थी, गवाह, पीड़ित सबके लिए एक अच्छा परिवर्तन है। 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसके अंतर्गत अपराधों के लिए न्याय व्यवस्था अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि निर्धारित समय में उनका निराकरण हो सके। इसी तरह पुलिस एवं न्यायालय के लिए तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट समय पर देना होगा। इसमें पीड़ित पक्ष, आरोपी पक्ष सभी को फायदा होगा। बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफ आरोप होने पर कड़ी सजा का प्रावधान है, इसे गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने नये कानून के धाराओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

### पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की बैठक में हुए कई अहम निर्णय

## निराश्रित गौवंश के प्रबंधन के लिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को पशु पालन एवं डेयरी विभाग, कटनी अंतर्गत आने वाली जिला पशु कल्याण समिति, जिला पशु क्रूरता निवारण समिति और जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आहूत की गयी। जिला पशु कल्याण समिति की बैठक के दौरान जिले में जिला पशु कल्याण समिति, मोबाईल व्हीकल यूनिट के अंतर्गत संचालित 07 एम्बुलेंस के संचालन हेतु क्रय किये जा रहे डीजल, रखरखाव में होने वाले व्यय के सबंध में चर्चा की गई। इस दौरान उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग ने बताया जिले में संचालित 07 एम्बुलेंस के डीजल रखरखाव हेतु 24 लाख 30 हजार 280 रूपये प्राप्त हुए थे। जिसके विरुद्ध राशि रुपये 14 लाख 79 हजार 73 रूपये का व्यय हुआ है। शेष 9 लाख 51 हजार 207 रूपये में से लंबित क्रय किये जाने वाले टायर, कमानी कार्य, सिम, बैटरी आदि में 95 हजार 723 रूपये के भुगतान तथा पूर्व में भुगतान की गयी 14 लाख 79 हजार 73 रूपये की कार्योत्तर स्वीकृति अनुमति समिति द्वारा सर्वसम्मति से प्रदान की गयी। साथ ही विजयराघवगढ एवं बडवारा की एम्बुलेंस, जिसका पीछे का हिस्सा ठीहा टूटने से निकल गया है उसके सुधार हेतु स्थानीय बाजार से नियमानुसार कार्यवाही कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में रोग अन्वेषण प्रयोगशाला हेतु लाइटिक रियजेंट-03 नग, माइक्रोपिपेट-02 नग, एक्स-रे फिल्म-02 पैकेट, एक्स-रे डेव्हलपर-03, फिक्सर-03, हीमेटोलाजी मशीन की रिपेयरिंग एवं सर्विसिंग आदि पर होने वाले 1.00 लाख रूपये के व्यय की अनुमति सर्वसम्मति से प्रदान की गयी। उक्त व्यय जिला पशु कल्याण समिति, कटनी के खाता से वहन किया जावेगा।

जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक में समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति के सदस्य बनाने हेतु जिले के प्रतिष्ठित, इच्छुक व्यक्तियों से योग्यातानुसार आवेदन प्राप्त कर उन्हें सदस्य बनाने हेतु सचिव, उपसंचालक, पशु पालन एवं डेयरी विभाग को निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा कटनी जिले के नागरिकों को पशु क्रूरता अंतर्गत उन पर होने वाले अत्याचार, क्रूरता पर रोक लगाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए।

जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक में कटनी जिले में मुख्यमंत्री गौसेवा योजना, अशासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित 27 गौशालाओं में उपलब्ध गौवंश का सत्यापन, जो कि सबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा किया गया है, को गौसंवर्धन बोर्ड के बेब पोर्टल- पर डाटा पृविष्टि किया जावे तथा मनरेगा द्वारा संचालित गौशालायें जिनमें 50 से कम संख्या होने के कारण अपात्र हो रही हैं, उनमें पात्रतानुसार गौवंश रखने तथा शेष 05 मनरेगा की गौशालाओं को संचालित करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कटनी को पत्र लिखा जाकर उनको चालू करवाया जावे। कटनी जिले के राजमार्गों एवं सड़कों पर मौजूद निराश्रित गौवंश के प्रबंधन के संबंध में जारी निर्देशों के संबंध में समिति ने सभी संबंधित विभागों को जारी निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में बताया गया कि दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की घोषणा अनुरुप शासकीय, अशासकीय गौशालाओं गौवंश हेतु चरनोई भूमि का चिन्हांकन एवं आवश्यतानुसार अतिक्रमण मुक्त करने हेतु सबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को पत्र जारी किया गया है। समिति द्वारा सबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शासकीय, अशासकीय गौशालाओं , गौवंश हेतु चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर उन्हे चरनोई हेतु आरक्षित करने कार्यवाही करे तथा अध्यक्ष एवं कलेक्टर अवि प्रसाद को कृत कार्यवाही से अवगत कराने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता का पुरुस्कार एवं प्रतिभागी प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम कटनी आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवाशीष चड्ढा एवम संस्था के अध्यक्ष टीनू सचदेवा, सचिव अखिलेश पुरवार, संघठन मंत्री श्रीमति मंजू शर्मा विशेष तौर पर मौजूद थे। प्रतिभागी बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। जज की भूमिका श्रीमति मंजू शर्मा,श्रीमति माही तिवारी, श्रीमति रोशनी जायसवाल, शंकर साधवानी, अंकित बिलैया,कृष्ण सोनी ने निभाई। टीनू सचदेवा,अखिलेश पुरवार का सम्मान किया गया।

इसी कार्यक्रम के दौरान वैल वेदर स्कूल से आए हुए सर के द्वारा स्कूल की विषय में जानकारी दी गई। विजेताओं की घोषणा पूर्व में डॉ. सुधा नामदेव ब्लड बैंक अधिकारी, शहडोल द्वारा की जा चुकी थी ।

विजेता प्रतिभागियों में ग्रुप ए में 6 से 10 साल में प्रथम स्थान अन्वी तिवारी पिता नीरज तिवारी, द्वितीय स्थान अवनी बिलैया पिता नितिन बिलैया एवं तृतीय स्थान अमन आहूजा पिता दिनेश आहूजा को पुरस्कार वितरण किया गया।ग्रुप बी 11 से 15 सामे प्रथम स्थान चाहत गुप्ता पिता प्रकाश चंद गुप्ता,द्वितीय स्थान रितिका नारंग पिता दयाल दास नारंग एवं तृतीय स्थान नीति मूलवानी पिता शंकर लाल मूलवानी को दिया गया।

## खबर संक्षेप

### देवर ने कर दी भाभी की हत्या

**पन्ना**। पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां पड़ोसन के साथ बकरी चराने से मना करने पर देवर और भाभी में विवाद हो गया। जब भाभी पड़ोसन के साथ बकरी चराने जाने को लेकर नहीं मानी तो शराब के नशे में धुत गुस्साए देवर ने अपनी ही भाभी को कुल्हाड़ी से मार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी खून से सनी कुल्हाड़ी लेकर थाने पहुंच गया जिसके बाद थाने में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि, कलही केवट उम्र 45 वर्ष निवासी बारा कगरे पड़ोस की महिला के साथ बकरी चराने जंगल जाती थी। जो उसके देवर को पसंद नहीं था, जिसको लेकर उसके देवर राजा राम के द्वारा बार-बार मना किया गया। इसी बात को लेकर कल दोपहर में मृतिका और उसके देवर के बीच विवाद हो गया और गुस्साए देवर ने बकरी चराने गई अपनी भाभी को कुल्हाड़ी से मार कर मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं खून से सनी कुल्हाड़ी लेकर अजयगढ़ थाना पहुंच गया। इसके बाद पुलिस ने इसकी जानकारी मृतिका के लड़के को दी। इसके बाद घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस ने शव को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सांप के डसने से 4 वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत

**पन्ना**। अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम गुठला में सांप के डसने से 4 वर्षीय मासूम बालिका की मौत का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जून को बालिका अपने घर के पास बच्चों के साथ खेल रही थी तभी अचानक एक विषैले सांप ने डस लिया परिजनों के द्वारा तत्काल बालिका को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने बालिका को अस्पताल में भर्ती कर इलाज शुरू किया।

## वर्षों से बनवार विद्युत वितरण केंद्र में पदस्थ नहीं एक भी शासकीय कर्मचारी

# 42 गांव की विद्युत व्यवस्था मात्र दो आउट सोर्स कर्मचारियों के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

भले ही वारिश के पहले बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने का दवा बिजली कंपनी कर रही हो लेकिन हकीकत देखी जाए बनवार विद्युत वितरण केंद्र का हाल यह है प्रभात पर प्रभार की बजे से व्यवस्थाएं लाचार दिखाई देती है जून का महीना बीतने को है और मानसून ने अभी तक दस्तक नहीं दी है बावजूद किसके हल्की बारिश से गर्मी और उमस ने लोगों को बेचैन कर रखा है।न तूफान चला और न तेज वारिश हुई मामूली बूंदाबांदी होने होने से पर उमस भरी गर्मी लोग पसीना पसीना हो रहे हैं ऐसे में बिजली ही एकमात्र सहारा होता है कि लोगों को कूलर पंखा से उमस भरी गर्मी से राहत मिल जाए लेकिन बनवार विद्युत वितरण केंद्र की लाचार व्यवस्था के चलते बिजली की आंख मिचौली से लोगों का दिन का चेन रातों में आराम हराम है जिसकी वजह है जेई पद खाली एक भी शासकीय लाइन नही है जिसकी वजह नोहटा विद्युत वितरण केंद्र प्रभारी बनवार विद्युत वितरण केंद्र की व्यवस्थाएं देख रहे हैं नतीजन प्रभार पर प्रभार के चलते लाचार व्यवस्थाओं से उपभोक्ताओं को नियमित बिजली नहीं मिल पा रही है।बनवार मुख्यालय सहित ग्रामों में बारिश के पूर्व बिजली लाइन जर्जर है और वर्षो से डली केबिलों की लाइफ खत्म हो गई है, बनवार बिजली वितरण केंद्र अंतर्गत 42 गांव आते है जिसकी बिजली आपूर्ति व्यवस्था मात्र दो आउटसोर्स कर्मचारियों के सहारे है,बनवार विद्युत वितरण केंद्र में जेई का पद स्वीकृत है लेकिन खाली है और तो और यहाँ पर न तो जेई पदस्थ है और न ही एक भी शासकीय कर्मचारी पदस्थ है। विद्युत वितरण केंद्र के क्षेत्रफल की बात की जाए तो



सौ किमी के करीब है और दो आउट सोर्स कर्मचारी चाह कर भी इतने बड़े क्षेत्र को कर नहीं कर पाएंगे

### विद्युत वितरण केंद्र के चार बिजली फीडर से 42 गांव जुड़े

बनवार विद्युत वितरण केंद्र में चार बिजली फीडरों आते है तो जिसमे बनवार मुख्यालय सहित घटेरा,सागोनी एवं रोड ग्रामीण फीडर के अलावा बलारपुर कृषि क्षेत्र का फीडर जुड़ा हुआ है। चार ग्रामीण फीडरों में करीब 42 गांव आते हैं,लेकिन बनवार मुख्यालय में ही बिजली लाइनों में कहीं फॉल्ट बन जाए बिजली लाइन टूटकर गिर जाए तो दिन दिन भर बिजली आपूर्ति व्यवस्था ठप्प रहती है बनवार के पोस्ट ऑफिस के समीप रखे 200 केबी ट्रांसफार्मर के पास तो हर 1 फुट पर केविलो को जोड़कर बिजली सप्लाई की जा रही है। इसी तरह बस स्टैंड,बांदकपुर तिराहा एवं चौपरा मोहल्ला सहित



पटनामानगढ़ सड़क किनारे रखा ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई लकड़ी की बल्लियों के सहारे है कही कही तो बीच रास्ते मे तार झूल रहे है जो वारिश के तेज वारिश तूफान की वजह कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते है जिनको दुरुस्त करने विद्युत कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों से अनेको शिकायतों के बाद भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

### दो आउटसोर्स लाइनमैनों के भरोसे

बनवार को विद्युत वितरण केंद्र को कहने को विद्युत वितरण केंद्र का का दर्जा प्राप्त है लेकिन जेई ऑफिस व उपभोक्ताओं के समस्या निराकरण के लिए कर्मचारी,नही है लोगों को आज भी नोहटा विद्युत वितरण केंद्र के चक्कर काटने पड़ते हैं बड़ी बिडम्बना है कि बनवार वितरण केंद्र से जुड़े 42 गांवो की बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए महज दो आउटसोर्स कर्मचारी ही कार्यरत हैं।



### विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति

सूत्रों की माने तो विद्युत विभाग को लाइनों की मरम्मत हेतु प्रतिवर्ष बड़ी राशि मुहैया कराई जाती है,लेकिन यह मरम्मत राशि कब और कहाँ खर्च होती है इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों के अलावा किसी को नहीं होती, बनवार मुख्यालय को देख लीजिए में बिजली केबिल इतनी जर्जर है कि लोड नही उठा पा रही है आए दिन टूट कर गिर जाती है। क्षेत्र के ट्रांसफार्मरों में तो यह स्थिति है कि बिजली केवल नहीं बदलने से ग्रामीणों द्वारा घरों से बिजली की डोरियों ट्रांसफार्मर में सीधे फंसा ली गई है जिससे ट्रांसफार्मर के आसपास मकड़ जाल जैसी स्थिति बनी हुई है।

### वितरण केंद्र में खराब पड़े बिजली उपकरण

बिजली व्यवस्थाए सुचारू संचालित करने के लिए जहां एक ओर केंद्र में कमर्चारियों की भारी कमी है ,वही दूसरी ओर केंद्र में अनेक बिजली उपकरण खराब पड़े हुए हैं। तो वही फीडरों के पैनल अलग अलग नही होने से,किसी एक फीडर में कटौती करने के लिए सभी फीडरों की सप्लाई बंद करनी पड़ती है। खासकर बनवार मुख्यालय के बिजली उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि बिजली विभाग इस समस्या से अनजान है बल्कि केविलो का सुधार कार्य करने के लिए कर्मचारी है न ही उपकरण उपलब्ध करवाएं जाते हैं ग्रामीणों का कहना है कि जब बारिश के पूर्व यह स्थिति है तो बारिश होने पर सुचारू रूप से बिजली सप्लाई कैसे हो पाएगी,

### इनका कहना है

ग्राम में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है,केविलो की हालत जर्जर हो चुकी है,बिजली कब आएगी और कब जाएगी इसका जबाब किसी के पास नही रहता है। बनवार वितरण केंद्र बनने के बाद लगता था कि बिजली समस्या का समाधान अब बनवार में हो सकेगा,लेकिन यहाँ तो एक भी शासकीय अधिकारी को पदस्थ नही किया गया। फिलहाल गांव की विद्युत व्यस्था भगवान भरोसे है। पंचायत द्वारा एक आवेदन पत्र विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिया जा रहा है,अगर उसके बाद भी व्यवस्थाएं नही सुधरती तो विरोध प्रदर्शन करने मजबूर होना पड़ेगा।

**- विनीता सुभाष अहिरवार
सरपंच बनवार**

# वृक्षारोपण अभियान में महिलाओं और बच्चों को भी शामिल किया जाये-कलेक्टर

### स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ पौधरोपण के संबंध में अहम बैठक संपन्न

**दमोह**। वृक्षारोपण अभियान के संबंध में आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा इस अभियान में महिलाओं और बच्चों को शामिल किया जाए, प्लांटेशन के काम में जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए, साथ ही उन्होंने कहा कि सुरक्षा की व्यवस्था समुचित की जाए, लक्ष्य नहीं पौधे सुरक्षित रहें यह सुनिश्चित करना है। आयोजित बैठक में सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम लगाया जाना है, माननीय प्रधानमंत्री जी ने आह्वान किया है, एक पेड़ माँ के नाम से लगाया जाए। उन्होंने बताया यह सब व्यवस्थाएं की जा रही हैं, लोग आए और मां के नाम से मां की स्मृति में पौधा जरूर लगाए, स्थान की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने कहा इस दौरान सभी जनपद पंचायत द्वारा शीड बॉल के साथ ही पौधारोपण का कार्य किया जाना है। बैठक में जनपद और नगर पालिका की समीक्षा की गई। दमोह नगर पालिका द्वारा बताया गया कि इस दौरान उन्हें एक लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य मिला है, इसी प्रकार सभी नगरी निकायों को 15-15 हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य मिला है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 08 लाख 21 हजार पौधे वन विभाग द्वारा रोपित किये जा रहे हैं। 52 सेंटर में रोपण किया जाना है, पूरे जुलाई माह यह रोपण किया जाएगा। बटियागढ़ जनपद पंचायत के सीईओ ने बताया कि 29800 पौधे उनके द्वारा रोपित करने का लक्ष्य है। इसी प्रकार सभी सीईओ ने अपनी जानकारी दी। बैठक में मौजूद स्वयंसेवी संस्थाओं ने अपनी-अपनी बातें, विचार और सुझाव भी रखें।

# जन परिषद का स्थापना दिवस आज मनाया जायेगा

**दमोह**। जनपरिषद चैप्टर दमोह अध्यक्ष सुधीर विद्यार्थी ने बताया कि राष्ट्रीय जन परिषद का 35 वॉं स्थापना दिवस वार्षिक समारोह 30 जून को अपरान्ह 4 बजे राज्य संग्रहालय श्यामलाहिल्स भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रमुखतः सी.बी.आई.के पूर्व डॉयरेक्टर ऋषि शुक्ला, वरिष्ठ रंगकर्मी सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा, पूर्व डी. जी.पी. डी.पी. खन्ना, मिस यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी सुश्री अशिता कोचर, मिसेज वर्ल्डवाइड सुश्री भूमिका सिंह एवं मिसेज यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी सुश्री प्रगति सेठ की अतिविशिष्ठ उपस्थिति में, होगा। इस अवसर पर कई उपलब्धि प्राप्त व्यक्तित्वों का सम्मान भी किया जायेगा। साथ ही, दमोह जनपरिषद द्वारा प्रकाशित स्मारिका‘ प्रगति‘ का विमोचन भी किया जायेगा। समारोह में आपकी गौरवमयी उपस्थिति निवेदित है। पूर्व डीजीपी और जन परिषद के मुखिया आदरणीय एन के त्रिपाठी एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के सक्षम नेतृत्व, रामजी श्रीवास्तव के दोस्तों की अतुलनीय मेहनत एवं प्रयासों से तथा जन परिषद के अनेक शुभचिंतक पत्रकार भाइयों के बेमिसाल और अतुलनीय सहयोग से,संस्था जन परिषद, आगामी 30 जून 2024 को अपनी रचनात्मक यात्रा के सुनहरे 35 वर्ष पूर्ण कर रही है।

# जैन मिलन की मासिक बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

माह जून 2024 की मासिक बैठक का आयोजन दमोह जिले में जैन मिलन (महिला एवं पुरुष) शाखा के संस्थापक एवं प्रथम अध्यक्ष वीर,एवं अध्यक्षा वीरांगना, परिवार आदरणीय पदम् चंद जुझार के सौजन्य से क्लब हाऊस श्याम नगर दमोह मे शाखा अध्यक्ष वीर ऋषभ जैन खडेरी की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक मे सर्व प्रथम शाखा के सभी सदस्यों द्वारा महावीर प्रार्थना का सामूहिक गायन कर ,शाखा मंत्री वीर संतोष जैन ने पूर्व बैठक का बाचन् एवं प्रस्तावित किये गए कार्य कर्मो पर विस्तार से समीक्षा करते हुए महावीर भगवान् के 2550 वें निर्वाण वर्ष पर विश्व परयावर्ण दिवस 5 जून पर कीर्ति स्तंभ की सुंदरता एवं पौधा रोपण कार्य क्रम थोड़ी वारिश होने के साथ ही किया जावेगा, एवं 21 जून पर अंतराष्ट्रिय योग दिवस पर संयोजक वीर भरत जैन के नेतृत्व मे गायत्री प्रज्ञा पीठ एवं पतांजलि परिवार के सामूहिक योग-कार्यक्रम सुबह 6.15 बजे से 8.30 तक बहुत अच्छा योगा कराया, तदोपरांत अंकुरित मल्टीग्रेन का नास्ता कराया एवं जीवन मे योगा का महत्व समझाया, योग कार्य क्रम की सभी जन मानस ने खूब प्रशंसा की। बैठक में द्वितीय बिंदु केंद्र एवं क्षेत्र द्वारा आगामी माह में निर्धारित कार्यक्रम पर चर्चा के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर नेम कुमार सराफ एवं क्षेत्रीय कार्य कारी अध्यक्ष अतिवीर ललित सराफ, ने भगवान् महावीर के 2550 वें निर्वाण वर्ष पर स्कूलों मे चित्रकला एवं भाषण ( निबंध) प्रतियोगिता, एवं अन्य कार्य क्रम कराने की रूप रेखा बतायी, जिस हेतु सभी की सर्व सम्मति से डॉ एल सी जैन को कार्य क्रम संयोजक, एवं वीर पारस जैन एवं वीर संतोष जैन को सहयोगी बना कर कार्य क्रम को कराने हेतु नियुक्त किया गया, केंद्रीय पर्यावरण प्रभारी वीर यू सी जैन एवं वीर पदम् खली, सतीश जैन , पारस जैन ने कुंडलपुर मे गौ शाला मे गायो का वेक्सिनेसन, गौ ग्रास एवं पौधा रोपण कार्य क्रम हेतु प्रस्ताव रखा, जिस पर सर्व सम्मति से 14 जुलाई को कुंडलपुर क्षेत्र पर पहुँच कर पूजन अभिषेक, एवं गौ शाला के कार्य क्रम तथा क्षेत्र पर पौधा रोपण कार्य करने हेतु वीर यू सी जैन को कार्य क्रम सयोजक बनाया गया, एवं उन्होंने अपनी टीम (के सी जैन दीपक बमौरिया)बना कर जिम्मेदारी ली, पटेरा (कुंडलपुर) मे क्षेत्रीय अधिवेशन में सम्मिलित होकर अधिवेशन को अच्छे से सफल बनाने हेतु सभी की सहभागिता को कहा, बैठक पूर्णता पर होने के पूर्व बैठक आयोजक वीर पदम जुझार की 55 वीं शादी की साल ग्रह पर उनके द्वारा सभी वीर बंधुओ को क्लब हाऊस मे शानदार स्वरुचि भोज का आयोजन किया, सभी सदस्यों वीर संदीप मोदी, नेम चंद भिड़ा,राजीव जैन ने अपनी शाखा की परम्परा अनुसार वीर पदम भैया एवं वीरांगना सकुंन जैन जुझार परिवार को शुभकामनायें प्रेषित की, अंत मे वीर राज कुमार जैन ने बैठक मे उपस्थित सभी वीर बंधुओ एवं बैठक एवं स्वरुचि भोजन व्यवस्था हेतु वीर एवं वीरांगना जुझार परिवार का आभार प्रकट किया, अंत मे अरिहंत वन्दना के साथ बैठक संपन्न हुई।

# दशरथ आदिवासी की मृत्यु की गुत्थी कब तक सुलझायेगी पुलिस?

### मृतक के परिजन न्याय की आश मे डेढ़ साल से भटक रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

देश मे गरीबों से कानून के राज का पालन कराना जितना आसान है। वहीं उन्हीं गरीबों के हित मे बने कानूनों एवं योजनाओं का देश के लोकसेवकों एवं जन सेवकों से पालन कराना बेहद दुष्कर कार्य बन गया है। वर्तमान मे ये मामला दमोह जिले के हिण्डोरिया थाना क्षेत्र के गाँव चिरईपानी के वार्ड नं. 01 हिण्डोरिया निवासी मनकू सिंह आदिवासी पिता शंकर सिंह के जवान पुत्र मृतक दशरथ उर्फ दस्सू आदिवासी उम्र 30 वर्ष से जुडा हुआ है। इस बारे मे मृतक के पिता मनकू आदिवासी ने दमोह देहात थाना अंतर्गत आने वाली जबलपुर नाका चौकी में की गई प्राथमिक गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर बताया कि मेरा पुत्र दशरथ आदिवासी हमेशा की तरह 06 जनवरी 2023 को किला खदान मे मजदूरी करने दमोह निवासी राजकुमार मुडा.के ट्रैक्टर पर अपने अन्य साथी छोटू राजपूत तिदनी,बंशी सिंह आदिवासी एवं डरे सिंह आदिवासी (दोनों निवासी चिरईपानी) के साथ गया हुआ था। जिसकी घर वापिस ना लौटने एवं यहाँ वहाँ तलाश करने के बाद जबलपुर नाका चौकी मे विधिवत दिनांक 06- 01- 2023 को गुम इंसान क्रमांक 0/ 2023 गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मनकू ने आगे बताया कि हमने डरे आदिवासी एवं बंशी आदिवासी से पूछा कि जब दशरथ आप लोगों के साथ वापिस घर क्यों नही लौटा तो उनका कहना था कि दशरथ सिंह दमोह मे राजकुमार मुडा. के यहाँ रूक गया है। इसके बाद हमने जब राजकुमार मुडा.से दशरथ के दमोह मे रुक जाने के बारे मे पूछा तो राजकुमार मुडा.ने कहा कि वो यहाँ नही है। वो यहाँ से चला गया है। मनकू ने इसके बाद कई जगह अपने स्तर से सतत तलाश की। मगर दशरथ का कोई पता नही चला। आगे मनकू ने बताया कि हमने इस बारे मे 11 जनवरी 2023 को दमोह देहात थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। किंतु कोई कार्यवाही नही की गई। उसके बाद 17 जनवरी 2023 को पुलिस अधीक्षक दमोह एवं कलेक्टर दमोह से 08 फरवरी 2023 को शिकायत की। इसके बावजूद भी पीड़ितों को कोई न्याय नहीं मिला। उसकी पत्नि चिरईपानी जलाशय के नजदीक एवं तिगरा के जंगल में बकरियां चरा रही थी । तभी उसकी नजर वहां पर पूर्व से पडी. कुछ सूखी हडडियों ,जींस फुलपेंट एवं अन्य कपड़ों पर पड़ी। इसके बाद पटेरा पुलिस को सूचना दी गई । तो मौके पर पटेरा-हिंडोरिया एवं जबलपुर नाका चौकी की पुलिस ने वहां पडे. हड्डी के अवशेष एवं कपड़ों आदि को वहाँ पहुँच कर बरामद किया। साथ ही बयानों के आधार पर मां सोना बाई एवं बाप मनकू का खून आदि का सेंम्पल लेकर डीएनए टेस्ट के लिए पटेरा पुलिस द्वारा विधिवत कार्यवाही कर आगे की जांच को भेज दिया गया था। मनकू सिंह आदिवासी ने बताया कि भेजे गए सैंपल की भी रिपोर्ट आ चुकी है। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई कानून सम्मत कार्यवाही नहीं की जा रही है । आखिर दशरथ की लाश उस स्थान पर कैसे पहुंची ये गहन पुलिस जांच का विषय है। मगर यहाँ पर अनुसंधान तो छोडिये पीड़ित से पटेरा पुलिस कहती हैं कि आप देहात थाना जबलपुर नाका चौकी जाइए। जबलपुर नाका चौकी वाले कहते हैं कि आप पटेरा थाना जाइए। कुल मिलाकर एक अनपढ़, बेबस, पीड़ित आदिवासी मृतक के परिवारजनों को पुलिस के द्वारा जानबूझकर या तो भटकाया जा रहा है।

# मलेरिया एवं डेंगू के के संबंध में एडवाइजरी जारी

**दमोह**। प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है, ऐसे में मच्छरजनित बीमारियों मसलन मलेरिया, डेंगू से बचाव के लिए एहतियात बरतना जरूरी है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने मच्छर जनित बीमारियों के रोकथाम के लिए मलेरिया एवं डेंगू के सामान्य लक्षण एवं रोकथाम के उपाय के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि कोई भी बुखार मलेरिया अथवा डेंगू हो सकता है, अतएव बुखार आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जांच व उपचार करायें एवं चिकित्सीय परामर्श अनुसार पूरा ईलाज लें।

### मलेरिया एवं डेंगू के सामान्य लक्षण

ठंड लगकर बुखार आना एवं पसीना होकर बुखार उतरना, एक दिन छोड़कर बुखार आना मलेरिया के सामान्य लक्षण है, वहीं डेंगू में ठंड या कॅपकपी लगकर तेज बुखार आना, जोड़ों व मांसपेशियों में दर्द, थकान, शरीर पर लाल चकत्ते जैसे लक्षण दिखाई देना डेंगू के सामान्य लक्षण को दर्शाते है।

### रोकथाम के उपाय

मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए मच्छरों को पनपने से रोकना जरूरी है, जिसके लिये मच्छर के लार्वा को नष्ट करना जरूरी होता है। डेंगू का लार्वा साफ पानी में पैदा होता है एहतियातन कूलर का पानी एवं एक सप्ताह से अधिक समय से एकत्रित किये गये पानी की निकासी सप्ताह में एक बार अवश्य करें, कूलर में लगी जाली को भी सप्ताह दौरान एक बार साफ करें, टायरों या छत पर रखें हुए बर्तनों में पानी का जमाव न होने दें, पानी की टंकी को सप्ताह में एक बार अवश्य खाली करें, पानी एकत्रित किये कंटेनर को ढंक कर रखें अपने घर के आस-पास अथवा हेण्डपंप के पास जल जमाव न होने दें, घर के आस-पास बने गड्ढों में रूके हुए पानी में जला हुआ तेल डालकर लार्वा को समाप्त करें, घरों की खिड़कियों में मच्छर प्रूफ जाली का इस्तेमाल करें, पूरे शरीर को ढंकने वाले कपड़े पहने, जहां तक संभव हो सके सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें शाम के समय नीम के पत्तों का धुआं करें।

# केवलारी मे बाल सभा सम्पन्न



**हिण्डोरिया**। मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा विभाग के आदेश पर हर शनिवार को स्कूलों मे आयोजित विशेष अभियान के अन्तर्गत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला केवलारी में बाल सभा का बच्चों के बीच आयोजन किया गया। बाल सभा के दौरान बच्चों को बाल केबिनेट के अधिकारों, कर्तव्यों, नैतिक एवं व्यवहारिक शिक्षा, यातायात नियमों, बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल तस्करी, बालश्रम, बाल यौन शोषण जैसे अपराधों इत्यादि के बारे मे बच्चों का ज्ञानवर्धन किया गया। इस मौके पर मिडिल शाला के प्रधानाध्यापक अमजद खान, सपना हजारी, संकल्प समाज सेवी संस्था कार्यकर्ता सुजात खान सहित सभी बच्चे मौजूद रहे।

# आज होगी पेंशनर ऐसोसिएसन की बैठक

**तेंदूखेड़ा**। आज प्रोगेसिव पेंशनर ऐसोसिएसन की मासिक बैठक नगर के लोक स्वास्थ्य केंद्र के सभा हाल में दोपहर तीन बजे से आयोजित की जाएगीं। बैठक में ऐसोसिएसन के हित में अनेक निर्णय लिए जाएगे साथ ही संगठन को मजबूत करने के विषयो पर चर्चा की जाएगी। तहसील अध्यक्ष डाक्टर ओपी अवस्थी ने संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यो से अपील की है अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगठन के संबंध में अपने विचार रखे।

# जल संसाधन विभाग के उपयंत्री की सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**दमोह**। जल संसाधन विभाग में पदस्थ उपयंत्री के सी दुबे के सेवानिवृत होने के उपरांत उन्हें विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा श्री दुबे को साल श्री फल भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान श्री दुबे ने कहां कि उन्होंने 36 वर्ष 7 माह 13 दिन तक विभाग में अपनी सेवाएं दी और उन्हें इस बात का कभी भी एहसास नहीं हुआ कि वह परिवार से अलग काम कर रहे है सभी ने परिवार की भांति ही सहयोग दिया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का हृदय से आभार व्यक्त व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यपालन यंत्री आर एस धुर्वे,अखिल बिल्थरे, अनुबिभागीय अधिकारी ,नितेश कुर्मी, राहुल गुरु, मयंक गंगेले, पी एस राय, जिज्ञासा जैन, उपयंत्री कपिल पटेल, धर्मेंद्र हरोडे, जयनारायण असाटी, उत्कृष्ट असाटी, ईशा सोनी, प्रवेश साहू, अमीन आरती ठाकुर, अर्पित स्वर्णकार ,संभागीय कार्यालय से श्री मिश्रा जी, सुबोध कुमार ,श्री सोनकर, मंदा मेम, अरुण कुमार दुबे, श्रीमती रंजना दुबे आदि की उपस्थिति प्रमुख रूप से रही।

## खबर संक्षेप

### आर्यिका श्री का सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर से विहार

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर से विद्या शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से जेष्ठ श्रेष्ठ आर्यिका रत्न मां श्री गुरुमति माताजी ससंघ ,आर्यिका रत्न श्री दृणमति माताजी ससंघ, आर्यिकारत्न श्री चिंतनमति माताजी ससंघ, आर्यिकारत्न श्री आराध्यामति माताजी ससंघ का सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर से मंगल विहार हुआ।

### उपस्थिति सार्थक ऐप से प्रारंभ होगी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया सोमवार 01 जुलाई से कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिती सार्थक ऐप से प्रारंभ की जायेगी। सभी संबंधित कार्यालय में प्रातः 10 बजे समय से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा जिन लोगों ने सार्थक ऐप डाउनलोड नहीं किया हैं, इसे डाउनलोड कर लिया जाये।

### किसी भी उम्र में नया आधार निःशुल्क

**दमोह।** किसी भी उम्र में नया आधार निःशुल्क है, 05 वर्ष एवं 15 वर्ष की आयु में अनिवार्य बायोमेट्रिक्स संशोधन निःशुल्क हैं। इसके पश्चात बायोमेटिक्स संशोधन के लिए 100 रुपये दर निर्धारित की गई हैं। आवेदक 50 रुपये शुल्क देकर आधार में डेमोग्राफ़िक संशोधन (नाम, पता, ई-मेल आई.डी., जेंडर, जन्मतिथि इत्यादि) परिवर्तित करवा सकते हैं। इससे ज्यादा शुल्क लिये जाने पर इसकी शिकायत दमोह हेल्पलाईन 07812-300350 पर की जाये। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया आधार में नाम परिवर्तन 02 बार, जन्म तिथि एवं जेंडर सिर्फ़ एक बार ही परिवर्तित करवा सकते हैं। साथ ही मोबाइल नंबर, पता, ई-मेल आई.डी. परिवर्तन में कोई भी लिमिट नहीं है।

### जेल परिसर में कार्यक्रम 1 जुलाई को

**दमोह।** तीन नये कानून अर्थात भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई 2024 से पूरे देश में लागू होंगे। जेल अधीक्षक ने बताया उक्त तीनों नये कानूनों की मुख्य विशेषताओं एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालने के लिये जेल परिसर जिला जेल दमोह में 1 जुलाई 2024 को प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें न्यायालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला दमोह के सदस्य, सेवानिवृत्त जेल अधिकारी, प्रख्यात वकील, बार काउंसिल एवं नागरिक समाज संगठनों के सदस्य, परिवीक्षा अधिकारी एवं अर्धकानूनी स्वयं सेवक आदि आमंत्रित किये गये है।

### लाखों एकड़ भूमि में किसानों द्वारा अनुमान से उपयोग किया जा रहा खाद

# लाखों खर्च कर बनी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला पड़ी बंद, उपकरण कबाड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

लगभग 5 वर्षों पूर्व बटियागढ़ रोड पर सरकार द्वारा लाखों की राशि खर्च कर मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला भवन का निर्माण कराया गया था ताकि किसानों को मिट्टी का हेल्थ कार्ड आसानी से मिले और भूमि में तत्वों की कमी या अधिकता की स्थिति में किसान संतुलित मात्रा में रासायनिक करो का उपयोग कर अपनी उपज पैदा करें। इसके लिए मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला तो बनी परंतु वह एक दो वर्ष तक ही संचालित हो सकी उसके बाद प्रयोगशाला में एक भी कर्मचारी नहीं होने के कारण विगत तीन वर्षों से एक भी किसान की मिट्टी का परीक्षण नहीं हुआ और प्रयोगशाला में ही उपकरण अब कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं और भवन का उपयोग वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी का ऑफिस बना हुआ है

**खाद का अनुमान से हो रहा उपयोग-**

क्षेत्र की हजारों एकड़ भूमि में किसानों द्वारा मनमाने ढंग और अनुमान से रासायनिक खाद का उपयोग किया जा रहा है। खरीफ सीजन में धान सोयाबीन रवि सीजन में चना गेहूं मसूर मटर एवं गर्मी के दोनों किसानो द्वारा मूंग की खेती की जा रही है प्रति सीजन हजारों टन डीएपी यूरिया एवं अन्य रासायनिक खाद का प्रयोग किसानों द्वारा उपयोग किया जा रहा है। किसानों को यह नहीं मालूम कि उनकी भूमि में किन तत्वों की कमी है उनकी पूर्ति किस खाद के उपयोग से पूरी हो सकती है। लाखों की राशि खर्च हो गई परंतु उसका किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। महंगा खाद भारी मात्रा में उपयोग होने से भूमि का स्वास्थ्य एवं संतुलन बिगड़ने के साथ ही औसत उत्पादन में भी निरंतर कमी आने के साथ ही भूमि में विभिन्न लवण खनिज पूर्व पोषक तत्व कही कम और कहीं अधिक रहने से आर्थिक नुकसान वाली स्थिति का सामना किसानों की सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है।

इस संबंध में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एस ए डीओ एमपी सरवैया ने बताया कि विगत माह प्रदेश सरकार ने कैबिनेट की बैठक में विचार किया और प्रदेश की सैकड़ों बंद पड़ी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं को शुरू करने का निर्णय लिया गया है जिससे हटा मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला भी पुनः प्रारंभ हो जाएगी तो अनुमान और अनुभव से रासायनिक खादों का उपयोग कर फसलों का उत्पादन कर रहे हटा अनुविभाग के हजारों किसानों को मिट्टी परीक्षण की सुविधा शीघ्र मिलने की उम्मीद जाग उठी है। यदि प्रत्येक किसान के खेत में मिट्टी का परीक्षण हो जाए जिससे यह मालूम हो जाए कि उसकी भूमि में किन जरूरी तत्वों की कमी है तो उसे संतुलित मात्रा में खाद का उपयोग कर दूर किया जा सकता है। इसी प्रकार भूमि में किन तत्वों की अधिकता है, तो उस स्थिति में किस प्रकार की खाद प्रयोग की जाए यह तभी हो सकता है जब किसानों के खेत की मिट्टी का आसानी से परीक्षण और रिपोर्ट सामने आ जाएं।

## गाज गिरने से एक की मौत

### दूसरी घटना में बिजली की चपेट में आनें से पांच लोग घायल

**हटा।** अनुविभाग के रजपुरा थाना अंतर्गत सादपुर चौकी के कनोराकलां गांव में दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत हो जानें का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कनोराकलां निवासी मीरिया पिता गुलाब सींग उम्र 51 बर्ष आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया जैसे ही पड़ोसी को पता चला तुरंत ही सिंगपुर सरपंच के वाहन से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ लाया गया जहां पर ड्यूटी डॉ नीलेश पटेल ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित किया। रजपुरा थाना पुलिस के द्वारा पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।वही दूसरी घटना रजपुरा थाना क्षेत्र के मनकपुरा गांव की सामने आई जहां परिवार के लोग विवाह समारोह की तैयारियों को लेकर घर के आंगन में बैठकर काम कर रहे थे तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आकर गंभीर घायल हो गये जहां सभी घायलों को उपचार के लिए 108 वाहन की मदद से सिविल अस्पताल हटा लाया गया। घायलों में प्रीतम आदिवासी मुन्नी आदिवासी सूरजरानी आदिवासी मालती आदिवासी एवं शांति आदिवासी का उपचार सिविल अस्पताल हटा में जारी है वहीं घायलों की जानकारी लगते ही नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार द्वारा सिविल अस्पताल पहुंचकर घायलों की जानकारी लेते हुए समुचित इलाज के निर्देश दिए गये।

## शाखा प्रबंधक को दी विदाई



**तेजगढ़।** जबेरा विस क्षेत्र के ग्राम कोरता जबेरा के निवासी जवाहर राय साहब ने 23 वर्ष की उम्र से केंद्रीय कोऑपरेटिव बैंक की शाखा में कैशियर बनकर सेवाएं दी जिसके बाद राय साहब का प्रमोशन हुआ एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दमोह कोऑपरेटिव बैंक की अनेको शाखाऔ में प्रबंधक रहकर 39 वर्ष पद पर रहे और जनता को सेवाएं दी और संस्था को उज्जवल बनाया जिनकी उम्र 62 वर्ष 29जून 2024 को होने पर संस्था ने रिटायरमेंट दिया। जिनको सेवा देते हुए ईश्वर ने स्वस्थ और अच्छा रखा। जिनका तेजगढ़ शाखा कोऑपरेटिव बैंक मैं अधिकारी कर्मचारीयो व आसपास के ग्राम वासियों जनप्रतिनिधि गणमान्य जनों जनता ने भव्य विदाई समारोह किया गया। ग्रामीण जनों ने श्री साहब के कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें श्रीफल देकर फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया और मिठाइयां खिलाकर विदाई दी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ठाकुर हीरा सिंह पतलोनी, तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, समिति सुपरवाइजर ठाकुर केहर सिंह, समिति प्रबंधक खुमान सिंह, समिति प्रबंधक राम सिंह, पंकज मिश्रा, ज्ञानेश्वरी मिश्रा, नंदकुमार सोनी, राजकुमार सेठ, डॉक्टर के आर सोनी, राजकुमार साहू , अजय बाजपेई, समारोह में सम्मिलित रहे ।

**बावड़ी की सुंदर बनावट देख प्रसन्न हुए कलेक्टर खुली बावड़ी में मुड़ेर बनवाने के दिए निर्देश**

## कलेक्टर ने किया दौरा,16वीं शताब्दी के किले बावड़ी तालाब ऐतिहासिक धरोहरों को देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज सुबह सुबह बलारपुर और मुवार झरौली गांव पहुंचकर एकीकृत माध्यमिक शाला आंगनबाड़ी केदो का निरीक्षण, करते हए ग्रामीणों से भी रू-ब-रू हुए यहां उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने बलारपुर ग्राम के प्राचीन तालाब बनी मढ़ीयों के बिखरे पड़े अवशेषों को देखा इसके बाद झरौली मुबार पहुंचे जहां 16वीं शताब्दी के झरौली तालाब के ऊपर ग्रामीणों के द्वारा संरक्षित अति प्राचीन हिंदू देवी देवताओं की दुर्लभ प्रतिमाओं को देखा उसके बाद प्राचीन बावड़ी पहुंचे जिसकी अति सुंदर बनावट को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बावड़ी को अंदर बाहर,से जायजा और झरौली गांव खेतों के बीचों बीच बनी खुली बावड़ी पर मुड़ेर बनाने के लिए जबेरा जंप सीईओ को निर्देशित किया। वही 16वीं शताब्दी के श्री राम जानकी रमन मंदिर किले पहुंचे किले व बाहर बिखरी पड़ी सुंदर नक्काशी के दुर्लभ पत्थरों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने बताया मुबार किले के जीर्णोद्धार संरक्षण पुरातत्व विभाग के द्वारा विगत महीनो निरीक्षण किया गया था जिसकी फाइल प्रेषित की गई। किले के संरक्षण का कार्य निकट भविष्य में किया जाएगा।





**स्कूल आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण**

कलेक्टर ने झरौली एकीकृत माध्यमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केदो का निरीक्षण किया जहां उपस्थित शिक्षकों से चर्चा करते हुए छात्रों की शत प्रतिशत स्थिति पर जोर दिया। आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए बच्चों की उपस्थिति बजन पोषण आहार इत्यादि की जानकारी ली गई और किचन सेट भवन भी देखा गया। निरीक्षण कर लोटे कलेक्टर ने झरोली चौपाल में बैटरी ग्रामीणों रु ब रु होते हुए उनकी समस्याएं सुनी जिसमें ग्रामीणों ने बिजली समस्या से कलेक्टर को अवगत करवाया। वही ग्रामीणों ने बनवार सड़क किनारे खुले मांस मछली बिक्री की शिकायत पर तत्काल ही कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बिना लाइसेंस व खुले में मांस मछली की बिक्री बंद करवाने के लिए निर्देशित किया।

**संरक्षित हुए हजारों वृक्षों कलेक्टर ने की प्रशंसा**

नवांकुर संस्था श्री राम भक्त जन कल्याण समिति जन अभियान परिषद सेक्टर बनवार की टीम ने कलेक्टर को सिद्ध बाबा पहाड़ी का भ्रमण करवाया गया। जहां पर दोनों गांव के संयुक्त प्रयास के चलते संरक्षित हुए हजारों पेड़ों के जंगल देखते हुए कलेक्टर ने कहा पेड़ पौधों की प्रति ग्रामीणों का समर्पण और मेहनत की जितनी प्रशंसा करें उतनी कम है।

**पुरातत्व मूर्ति संग्रहालय रखवाने के लिए निर्देश**

अपने निरीक्षण के द्वारा कलेक्टर ने झरौली ग्राम के खेतों में अति प्राचीन हनुमान जी मूर्ति खंडित पड़ी हुई थी जिसको ग्रामीणों ने विसर्जित करने की कलेक्टर से अनुमति मांगी लेकिन कलेक्टर के द्वारा मूर्ति विसर्जित नहीं करने की बात करते हुए इस मूर्ति को जिला पुरातत्व संग्रहालय में रखवाने के लिए पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। इस दौरान ग्राम की सरपंच देवी सिंह लक्ष्मण सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की

## एमपीपीएससी में चयनित नम्रता का कन्या शाला में हुआ सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

गांव की बेटी-नगर की शान कुं. नम्रता जैन का शास. कन्या हाईस्कूल पटेरा में सम्मान किया गया । नम्रता की उपलब्धि एवँ प्रोत्साहन के लिए पिता प्रमोद कुमार जैन और माता श्रीमती प्रियंका जैन का सम्मान किया गया । नम्रता जैन का चयन एमपी पीएसी परीक्षा से असिस्टेंट ट्रेजरी ऑफिसर में होने पर सम्मान किया गया । नम्रता ने बालिकाओं को बताया कि मैंनें प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर पटेरा से एवं हाईस्कूल की शिक्षा मॉडल स्कूल पटेरा से प्राप्त की । नम्रता ने बालिकाओं को निरंतर मेहनत कर, प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए कहा । और अपना मोबाइल नंबर भी दिया । सभी से कहा की आप सब भी एक दिन कामयाबी की मंजिल प्राप्त करेंगी । विद्यालय की बालिकाओं ने प्रश्न पूछे तो नम्रता ने बड़ी दीदी की भांति उनके प्रश्नो के उत्तर दिये । नम्रता ने बताया मेरा सपना डिप्टी कलेक्टर बनने का है । नम्रता ने विद्यालय की सभी बालिकाओं को टॉफी का वितरण किया । नम्रता के पिताजी प्रमोद कुमार जैन ने भविष्य में विद्यालय को और अधिक सुंदर बनाने के लिए विद्यालय में वृक्षारोपण का संकल्प लिया । प्राचार्य सुरेन्द्र कटहरे के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रभारी प्रमोद कुमार परौहा, संतोष कटारया, श्रीमती नीलम जैन, श्रीमती मीरा तंतुवाय, श्रीमती रश्मि तंतुवाय, प्रदीप सोनी, वीकेश जैन, संदीप नामदेव ,अखिलेश सेन एवं कमल अहिरवाल की उपस्थिति रही ।

## जिला कार्यक्रम अधिकारी ने किया निरीक्षण, दिये नोटिस

**दमोह।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग दमोह द्वारा पटेरा एवं हटा बाल विकास परियोजना के भ्रमण के दौरान ऑगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ऑगनबाड़ी केन्द्र से अनुपस्थित कार्यकर्ता, सहायिका को एवं केन्द्र पर पाई गयी अनियमितताओ के लिए कार्यकर्ता, सहायिका और संबंधित पर्यवेक्षक को नोटिस दिये गये।



आवश्यकता से अधिक टेक होम राशन केन्द्रो पर भेजने के लिये परियोजना पटेरा के गोदाम प्रभारी को भी नोटिस दिया गया। भ्रमण के समय आंगनबाड़ी केंद्र मुड़यि एवं राजाबन्दी, बन्द पाये गये। वमोरी, भझगवा पतोल, केन्द्र खुले हुए मिले पर इन केन्द्रो पर कार्यकर्ता, सहायिका अनुपस्थित मिली, केन्द्रो पर कोई भी हितग्राही नहीं मिला। ऑगनवाडी केन्द्र मुड़यिा-1, ऑगनवाड़ी पटेरा-6, ऑगनवाडी पटेरा क्र-119 एवं देवडोंगरा पर अनियमिता पायी गई। इसी तरह हटा परियोजना के बम्होरी ग्राम के एवं ग्रामीण परियोजना के दो आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के आधार पर संबंधितों पर कार्यवाही की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में इस तरह के औचक निरीक्षण सतत जारी रहेंगे और इस तरह यदि और कही लापरवाही पाई जाती है तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## टाईम्स कालेज की प्राध्यापिका निशा सरवरिया को पीएचडी की उपाधि



**दमोह।** टाईम्स महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका निशा सरवरिया ने स्वामी विवेकानंद वि.वि. सागर से अर्थशास्त्र विषय के अन्तर्गत ''मध्यप्रदेश राज्य के कृषि विकास में यंत्रीकरण की भूमिका'' पर पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। इनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के डायरेक्टर श्री सुशील गुप्ता जी एवं स्टॉफ द्वारा बधाई प्रेषित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। एवं डा. निशा सरवरिया ने अपनी इस उपलब्धि में अपने माता-पिता एवं भाई के सहयोग एवं शोध निर्देशक-डॉ. नीरज तोपखाने के मार्गदर्शन हेतु आभार व्यक्त किया।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में शनिवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता काआयोजन किया गया। जिसका विषय था 2047 में-भारत एक विकसित देश होगा'' जिसमे कक्षा 6वीं से 10वीं के छात्रो ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुंभारभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। जिसमे विद्यालय की संचालिका महोदया श्रीमति सुनीता गुप्ता और प्रियांश गुप्ता की उपस्थिति रही। इस प्रतियोगिता में छात्रोके द्वारा पक्ष और विपक्ष में तर्क दिये गये। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्रो की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। इस अवसर पर छात्रों को प्रोत्साहित करते हुऐ विद्यालय की संचालिका महोदया ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रो को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान छात्रो ने विकसित देश के लिए उचित शिक्षा व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी समस्या समाधान जैसे विषय पर अपने-अपने तर्क दिये। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सभी शिक्षको और छात्रो ने भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया।

## कर्मो का आश्रव निरंतर होता रहता है: आचार्य श्री समयसागर जी महाराज

**कुंडलपुर दमोह ।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा शरीर में कर्म के उदय से व्याधि आ जाती है और उस रोग व्याधि का निष्कासन भी औषधि उपचार के माध्यम से हो जाता है। निष्कासन महत्वपूर्ण नहीं है बहुत जल्दी रोग से मुक्त हो सकता है किंतु रोग जो आया है वह किस द्वार से आया है उसका परीक्षण हमें करना है ।नहीं तो बार-बार व्याधि होती है और औषधि लेते हैं। क्योंकि औषधी दान का प्रावधान तो है ही आगम में हम दवाई लेते चले जाएंगे किंतु रोग का निष्कासन इसलिए नहीं होगा। जिस द्वार से रोग का प्रवेश हो रहा है उस द्वार को बंद नहीं कर पा रहे हैं ।दवाई बिल्कुल अच्छी क्वालिटी की है डॉक्टर भी अच्छा है दवाई भी राम बाण है किंतु पथ्य का पालन होना भी उसके साथ होना आवश्यक है। परहेज नहीं रखेंगे तो रोग बढ़ेगा ।औषधि के द्वारा रोग बढ़ रहा है ऐसा नहीं है वह आहार के द्वारा ही रोग आया है आहार के अलावा और बहुत सारे निमित्त हो सकते हैं। निमित्तों की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है ।उसी प्रकार मोक्ष मार्ग में भी कर्मों का आश्रव निरंतर होता रहता है।किंतु वह आश्रव अपने आप नहीं होता अपने आप आश्रव नहीं होता अपने आप बंध नहीं होता है ।यदि अपने आप आश्रव हो जाता तो अपने आप ही आश्रव का रोकना भी हो जाएगा ।आश्रव निर्जरा संवरा ऐसा सूत्र बनाने की क्या आवश्यकता ।आश्रव होता बुद्धि पूर्वक भी होता है अबुद्धि पूर्वक भी आश्रव होता है। अबुद्धि पूर्वक जो आश्रव है उसको रोकने का प्रावधान अलग है उसको पुरुषार्थ के माध्यम से नहीं रोका जाता वह ऑटोमेटिक रुकता है कब रुकता है कहां रुकता है इसकी चर्चा हम बाद में करेंगे ।अभी बुद्धि पूर्वक जो आश्रव हो रहा है या बंध हो रहा है उस बंध की परंपरा को रोकना है ।तो बंध जो हो रहा है वह बिना हेतु के संभव नहीं है। बिना हेतु के बंध हो जाए तो आचार्य उमा स्वामी महाराज अष्टम अध्याय में प्रथम सूत्र दे रहे हैं उसकी कोई आवश्यकता नहीं। बिना कारण के बंध होता नहीं तो पहले कारण की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। तो शुभ और अशुभ आश्रव होता है अथवा पुण्य और पाप का आश्रव होता है तो उसके लिए मन वचन काय की कुछ ऐसी चेष्टाएं हैं जिनसे पाप का आश्रव होता है ।और ठीक इसके विपरीत आत्मगत कुछ उज्वल कुछ आत्मगत परिणाम होते हैं पवित्र



परिणाम होते हैं जिनके फलस्वरूप पुण्य का भी आश्रव होता है तो क्रम है। गुरुदेव का यह कहना है कि कर्म का जो आश्रव होता है उसकी निर्जरा हमें करनी है। किंतु क्रम से निर्जरा होगी पाप कर्म की निर्जरा ओर पुण्य कर्म की निर्जरा इसमें क्रम है। पाप पहले मिटता है ।पाप प्रथम मिटता प्रथम तजो पुण्य फल भोग। पुनः पुण्य मिटता धरो आत्म निर्मल योग ।यह दोहा गुरुदेव ने सामने रखा है पाप प्रथम मिटता पाप का बंध हुआ है तो पाप पहले क्षय होगा पुण्य बाद में क्षय होगा ।मोक्ष मार्ग में पुण्य बाधक नहीं है ।कुछ लोगों की धारणा हो सकती है। स्वाध्याय शील होते हुए भी इस विषय में वह अनभिज्ञ रहे हैं उन्हें ज्ञात कर लेना चाहिए कि पाप का क्षय और पुण्य का क्षय करना है पाप और पुण्य यह दोनों इक्वल हैं दोनों समान है ।कहा भी है आगम में कुंदकुंद देव ने कहा चाहे लोहे की बेड़ी हो चाहे स्वर्ण की बेड़ी हो बेड़ी तो बेड़ी है ।बंधन तो बंधन है बंधन किसको ईस्ट है संसार से मुक्त होना चाहता है प्रत्येक संसारी प्राणी हम बंधन से मुक्त होना चाहते महाराज इसलिए चाहे पाप हो चाहे पुण्य हो दोनों को एक तराजू में तोल लेते हैं वह ठीक नहीं माना जाता ।पुण्य और पाप दोनों बेड़ी तो हैं जो संसार में प्रवेश करता है वह सुशील कैसे हो सकता है ।यह कहा कुंद कुंद स्वामी ने उस गाथा को आप लेकर बैठ गए।